web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 13 जनवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-105

# वैचारिक युद्ध है 2019 का चुनाव:अमित शाह

### बीजेपी का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू



नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले दिन शुक्रवार को बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2019 का चुनाव एक तरह का वैचारिक युद्ध है। यह दो विचारधाराओं की लड़ाई है। बीजेपी प्रेजिडेंट ने कहा कि 2019 का युद्ध सदियों तक असर छोड़ने वाला है और इसलिए एनडीए के 35 दल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकजुट हैं। कांग्रेस और समूचे विपक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि विरोधियों के पास न नेता है और न नीति।

उन्होंने कहा कि मराठा एक युद्ध हारे थे तो देश 200 साल के लिए गुलाम हो गया था। 2019 की स्थिति भी आज उसी तरह की है। उन्होंने कहा कि 2014 में 6 राज्यों में बीजेपी की सरकारें थीं और आज 16 राज्यों में हमारी सरकार है। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित अधिवेशन में उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कहा कि 2019 में मोदी की सरकार बनवा दीजिए, केरल तक बीजेपी की सरकार बना लेगी।

**गठबंधन ढकोसला, मोदी जैसा नेता दुनिया में नहीं**

शाह ने कहा कि पूरी दुनिया में नरेंद्र मोदी जैसा नेता किसी दल के पास नहीं है। गठबंधन को लेकर बनते समीकरणों पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि यह गठबंधन ढकोसला है। विपक्षी दलों के गठबंधन की पहल को ढकोसला करार देते हुए शाह ने कहा कि बीजेपी गरीबों के कल्याण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को आगे बढ़ा रही है जबकि विपक्षी दल केवल सत्ता के लिए साथ आ रहे हैं।

**यूपी में 73-74 सीटें जीतेंगे**

उन्होंने दावा किया कि बीजेपी अगले चुनाव में उत्तर प्रदेश में 73 से 74 सीटें जीतेगी। स्वच्छता, गंगा के पानी के शुद्धिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं का जिक्र कर शाह ने बीजेपी सरकार की प्रशंसा की।

**राम मंदिर पर बोले, उसी स्थान पर बनेगा**

काफी समय से चर्चा में रहे अयोध्या में राम मंदिर के मुद्दे पर भी शाह ने बोला। उन्होंने कहा कि बीजेपी चाहती है कि जल्द से जल्द उसी स्थान पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो और इसमें कोई दुविधा नहीं है। इस पर अधिवेशन में राम के नारे लगने लगे।

## पूर्व सीबीआई चीफ आलोक वर्मा ने नीरव मोदी और विजय माल्या का दिया था साथ?



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो के पूर्व निदेशक आलोक वर्मा की मुसीबतें फिलहाल कम होती नजर नहीं आ रही हैं, क्योंकि केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने उन पर 6 और आरोपों की जांच शुरू कर दी है। इसमें बैंक घोटालों के आरोपी नीरव मोदी, विजय माल्या और एयरसेल के पूर्व प्रमोटर सी शिवशंकरन के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर के आंतरिक ईमेल को लीक करने का आरोप भी शामिल है। नए आरोपों के बारे में सीवीसी ने सरकार को सूचित किया है, जिसके बारे में पिछले साल 12 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के सामने वर्मा की जांच रिपोर्ट दाखिल करने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक टीम द्वारा शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

वर्मा के खिलाफ उनके ही पूर्व नंबर दो विशेष निदेशक राकेश अस्थाना द्वारा लगाए गए 10 आरोपों की जांच के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया था कि वर्मा से पूछताछ की जानी चाहिए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारतीय को नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाने के जुर्म में 13 साल की कैद

सिंगापुर (आरएनएस)। भारतीय मूल के 31 वर्षीय एक व्यक्ति को नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाने और बलात्कार की कोशिश के जुर्म में 13 साल की कैद और 12 कोड़ों की सजा सुनाई गई है। स्थानीय समाचार पत्र 'द न्यू पेपर' की खबर के अनुसार मिनी मार्ट में काम करने वाला उदयकुमार दक्षिणमूर्ति 12 वर्षीय बच्ची को तोहफे दिया करता था और उसे अपनी ''पत्नी'' बुला था।

### तुलसी गबार्ड 2020 के चुनाव में ट्रंप को चुनौती देंगी

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी सदन की पहली हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड ने कहा है कि वह 2020 के राष्ट्रपति चुनावों की दावेदार होंगी। सांसद एलिजाबेथ वारन के बाद 37 वर्षीय गबार्ड डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद की दूसरी महिला दावेदार हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को 2020 में चुनौती देने के लिए अब तक 12 से ज्यादा डेमोक्रेटिक नेताओं ने राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा कर दी है।

### एक मेजर समेत दो जवान शहीद, दो अन्य घायल

राजौरी (आरएनएस)। नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटे राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में शुक्रवार शाम पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में सेना के एक मेजर समेत दो जवानों के शहीद होने और दो अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीमा के पास शुक्रवार शाम एक भीषण आईईडी विस्फोट हुआ जिसकी चपेट में मेजर और कुछ अन्य जवान आ गए थे। बताया जा रहा है कि इस हमले को पाकिस्तान रेंजर्स की बॉर्डर ऐक्शन टीम (बीएटी) ने अंजाम दिया है। बीएटी टीम द्वारा बीते 24 घंटों में यह दूसरा हमला है। हमले के बारे में विस्तृत जानकारी मिलना अभी बाकी है। इससे पहले मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में भारतीय सेना के एक गश्ती दल पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया था। हमले के बाद ये आतंकवादी इलाके में छिप गए और बाद में सेना की कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया।

### आप के साथ गठबंधन की कोई गुंजाइश नहीं है: शीला

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली कांग्रेस चीफ शीला दीक्षित ने पद संभालने के साथ ही आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। शीला ने आप के साथ गठबंधन की खबरों से इनकार किया है, यह बीजेपी के लिए जरूर राहत की खबर हो सकती है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि भले ही शीला ने इनकार किया है, लेकिन पार्टी में गठबंधन को लेकर एक राय अभी तक नहीं है।उन्होंने कहा, आप के साथ काम करने का कोई संभव रास्ता नहीं है। मैंने कभी नहीं कहा कि हम आप के साथ किसी तरह के गठबंधन के पक्ष में हैं। अगर मेरे हवाले से इस तरह की बात कही जा रही है तो मैं बस यही कहूंगी कि मेरे बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। हम आप के साथ गठबंधन के किसी विकल्प पर विचार नहीं कर रहे हैं।

### 26 जनवरी की वजह से 1000 फ्लाइट्स पर असर

नई दिल्ली (आरएनएस)। 26 जनवरी पर होने वाले एयर शो की वजह से आईजीआई एयरपोर्ट से ऑपरेट होने वाली फ्लाइट्स में से करीब एक हजार फ्लाइट पर कैंसल, देरी से लैंड होने या फिर टेक ऑफ के लिए री-शेड्यूलिंग किए जाने के रूप में असर पड़ सकता है। 18 से 26 जनवरी तक हर दिन 100 मिनट तक एयर ट्रैफिक को बंद करने की वजह से फ्लाइट के ऑपरेशन पर असर पड़ेगा। बताया जाता है कि इसके लिए एयर फोर्स और अन्य संबंधित एजेंसियों की ओर से दिल्ली एयरपोर्ट को चलाने वाली कंपनी डायल को जानकारी दे दी गई है।

# बेस्ट कर्मचारियों की हड़ताल से बढ़ी परेशानी

## अब बिजली आपूर्ति वर्कर्स ने भी खोला मोर्चा




मुंबई (आरएनएस)। लगातार पांचवें दिन जारी बेस्ट कर्मचारियों की हड़ताल के कार मुंबई का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। मुंबई की दूसरी लाइफलाइन मानी जाने वाली बेस्ट के कर्मचारियों की हड़ताल पांचवें दिन भी आज यानी शनिवार को जारी है। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों की मांग और लगातार घाटे में जा रही परिवहन व्यवस्था के बीच संतुलन बनाने की दिशा में समन्वय नहीं बैठाया जा सका है। वहीं बेस्ट वर्कर यूनियन के नेताओं की आज सरकार के साथ बैठक प्रस्तावित है।

शुक्रवार देर शाम तक भी इस मामले का कोई हल नहीं निकल पाया। इसी बीच प्रशासन द्वारा हड़ताली कर्मचारियों को लगातार नोटिस देने और मेस्मा लगाने से नाराज उनके परिजनों ने मोर्चा संभाल लिया।

गुरुवार को वडाला डिपो, तो शुक्रवार को मुलुंड डिपो में महिलाओं द्वारा मोर्चा निकाला गया।

## बस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, 23 घायल

ओटावा (आरएनएस)। ओटावा शहर के पश्चिमी हिस्से में वेस्टबोरो स्टेशन के पास एक डबल डेकर बस के शुक्रवार को पारगमन आश्रय से टकराने पर तीन लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य लोग घायल हो गए। ओटावा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रमुख चार्ल्स बोर्डेल्यू ने बताया कि बस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन उसकी हिरासत पर अधिक जानकारी देने से उन्होंने इनकार कर दिया।

# छब्बे बनने की कोशिश में दुबे बने चौबे राहुल

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा राफेल मामले में पीएम मोदी पर हमले करने और आर्थिक अपराध में शामिल लोगों के भागने का सिलसिलेवार जवाब दिया। शाह ने राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि तथ्यहीन आरोपों पर राहुल की स्थिति छब्बे बनने की कोशिश में चौबे की दुबे बन जाने जैसी है। विजय माल्या-नीरव मोदी जैसे भगोड़ों के संबंध में शाह ने कहा कि ये सभी यूपीए सरकार के कार्यकाल में भागीदार थे। मगर जैसे ही देश में ईमानदार चौकीदार आया, वैसे ही देश छोड़ कर भागने पर मजबूर हो गए।

शाह ने कहा कि पीएम मोदी का 44 साल के सार्वजनिक जीवन एक भी दाग नहीं है। जिस यूपीए सरकार के दौरान 12 लाख करोड़ रुपये की लूट हुई, उसकी अगुवाई करने वाली कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल राफेल सहित कई मामलों में तथ्यहीन आरोप लगा कर उनकी छवि धूमिल करना चाहते है। मगर सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार को क्लीन चिट दे कर राहुल की रणनीति पर पानी फेर दिया है। वर्तमान में उनकी स्थिति उस चौबे की तरह है जो छब्बे बनने की कोशिश में दुबे बन कर रह गए।

शाह ने कहा कि नीरव, मेहुल और माल्या जैसे लोगों ने देश छोड़ कर भागने पर भी राहुल मोदी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं।

# दिसंबर 2021 से पहले अंतरिक्ष भेजे जाएंगे भारतीय एस्ट्रोनॉट

### इसरो चीफ का ऐलान

बेंगलुरु (आरएनएस)। साल 2021 तक पहली बार इसरो के सैटेलाइट से कोई भारतीय अंतरिक्ष में जाएगा। इस बात का ऐलान आज इसरो के चेयरमैन के सिवन ने किया। अंतरिक्ष पर मानव मिशन भेजने वाला भारत दुनिया का चौथा देश होगा। इस मिशन के लिए अंतरिक्ष यात्री को विदेश में ट्रेनिंग दी जाएगी।

गगनयान के बारे में बात करते हुए सिवन ने कहा कि इसरो महिला अंतरिक्ष यात्री को भी इसमें शामिल करना चाहता है, लेकिन ये सेलेक्शन की प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

इसके साथ ही के. सिवन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत के दूसरे चंद्र अभियान चंद्रयान-2 को इस साल मध्य अप्रैल में प्रक्षेपित कर सकता है. इसरो ने इससे पहले कहा था कि चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण इस साल जनवरी से 16 फरवरी के बीच किया जाएगा।

800 करोड़ रुपए की लागत वाला यह अभियान करीब 10 साल पहले प्रक्षेपित किए गए चंद्रयान-1 का उन्नत संस्करण है. सिवन ने मीडिया से कहा 'जहां तक चंद्रयान 2 के प्रक्षेपण की बात है तो इसके लिए 25 मार्च से मध्य अप्रैल का समय तय किया गया है. संभवतः इसे मध्य अप्रैल में प्रक्षेपित किए जाने का लक्ष्य है.'

उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने इसे पहले जनवरी और फरवरी के बीच प्रक्षेपित करने की योजना बनाई थी लेकिन कुछ परीक्षणों के नहीं हो पाने के कारण ऐसा नहीं हो सका।

# एयरसेल-मैक्सिस केस में चिदंबरम को राहत

## एक फरवरी तक नहीं होगी गिरफ्तारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति के खिलाफ सीबीआई और ईडी द्वारा एयरसेल मैक्सिस घोटाले के सिलसिले में दर्ज मामलों में गिरफ्तारी पर रोक की अवधि एक फरवरी तक बढ़ा दी है। सीबीआई की तरफ से पेश सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने विशेष सीबीआई अदालत को बताया कि मामले में जारी जांच पूरी होने वाली है। इसके बाद विशेष न्यायाधीश ओ पी सैनी ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख एक फरवरी तय की।

पी चिदंबरम और कार्ति की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी ने गिरफ्तारी से छूट की अवधि बढ़ाने की मांग की थी। सीबीआई ने अदालत को यह भी बताया कि मामले में आरोपी कुछ लोकसेवकों के अभियोजन के लिये आवश्यक मंजूरी हासिल कर ली गई है। एजेंसी ने पहले कहा था कि पी चिदंबरम के लिए ऐसी ही मंजूरी हासिल की जा चुकी है।

## नितिन वाकणकर सीबीआई के नये प्रवक्ता नियुक्त



नयी दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नितिन वाकणकर सीबीआई के नए मुख्य सूचना अधिकारी और प्रवक्ता होंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि वह अभिषेक दयाल की जगह लेंगे जिन्हें प्रकाशन विभाग में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि उच्चस्तरीय चयन समिति द्वारा आलोक वर्मा को एजेंसी के निदेशक पद से हटाए जाने के बाद यह बदलाव हुआ है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में एडीजी (एम एंड सी) वाकणकर इससे पहले राष्ट्रपति भवन, रक्षा मंत्रालय समेत कई अहम पदों पर रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि बीते चार महीनों के दौरान बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहे सीबीआई की सूचना इकाई देख रहे आईआईएस अधिकारी दयाल को अब प्रकाशन विभाग में भेजा गया है। दयाल को 2017 में तीन सालों के लिये सीबीआई में स्थानांतरित किया गया था।

## बड़े-बड़े भाषण देते हैं लेकिन ठीक से अंग्रेजी नहीं बोल पाते पीएम मोदी: ममता



कोलकाता (आरएनएस)। ममता बनर्जी ने पीएम मोदी की अंग्रेजी पर चुटकी लेते हुए कहा कि उन्हें अंग्रेजी बोलनी नहीं आती है और वे टेलीप्रॉम्प्टर पर देखकर अंग्रेजी में बोलते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि, मोदी बहुत सारे भाषण देते हैं लेकिन उन्हें ठीक से अंग्रेजी बोलनी नहीं आती है. इसलिए वे अंग्रेजी में बोलते समय टेलीप्रॉम्प्टर की तरफ देखते रहते हैं.

सभी मीडिया वालों और लोगों को ये बात पता है. ममता बनर्जी ने आगे कहा कि, पहले वे स्क्रीन की तरफ देखते हैं, पढ़ते हैं फिर ऐसे बोलते हैं जैसे वे धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलते हों.

आयुष्मान भारत योजना पर ममता बनर्जी ने कहा, जिस लेटर हेड में कमल के फूल का निशान होगा और नरेंद्र मोदी की फोटो होगी उसे हम क्यों सपोर्ट करेंगे. लेटर में उस जगह भारत सरकार का लोगो होना चाहिए.

# आम आदमी पार्टी नेता मीरा सान्याल का 57 वर्ष की उम्र में निधन



नई दिल्ली (आरएनएस)। रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड की पूर्व सीईओ और आम आदमी पार्टी की नेता मीरा सान्याल का शुक्रवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थीं। सान्याल ने बैंक की नौकरी छोड़ने के बाद आम आदमी पार्टी जॉइन की थी, वह साल 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी की ओर से बतौर प्रत्याशी खड़ी की गई थीं।

आप नेता और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 57 वर्षीय मीरा सान्याल के निधन की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर ट्वीट कर जानकारी दी।

# शुक्र ग्रह के बादलों में विशालकाय ढांचे की खोज



तोक्यो (आरएनएस)। जापान के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्षयान अकात्सुकी के अवलोकन के आधार पर शुक्र ग्रह को ढकने वाले बादलों के बीच एक विशाल चमकदार ढांचे की पहचान की है। आकार एवं गुरुत्वाकर्षण धरती के समान ही है लेकिन उसकी जलवायु बहुत अलग है। यह धरती की विपरीत दिशा में और बहुत धीमी गति से चक्कर लगाता है जो धरती के 243 दिनों के लिए एक चक्कर के बराबर है।

जापान के कोब विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बड़े स्तर पर तैयार की गई जलवायु की नकल का प्रयोग करते हुए इस ढांचे की उत्पत्ति के बारे में भी खुलासा किया है। शुक्र को अक्सर धरती का जुड़वां भी कहा जाता है क्योंकि उसका

अध्ययन के मुताबिक शुक्र की सतह के ऊपर पूर्व की तरफ चल रही हवा प्रति घंटे करीब 360 किलोमीटर की तेज गति से ग्रह का चक्कर लगा रही है। इस घटना को वायुमंडलीय सुपर रोटेशन कहा जाता है।

# अपने पेट में हेरोइन कैप्सूल छुपा कर भारत लाता था अफगानी युवक



नई दिल्ली (आरएनएस)। एक तस्कर अपने पेट में हेरोइन के कई कैप्सूल रखकर दिल्ली आया था लेकिन जांच एजेंसियों की नजरों से नहीं बच पाया और गिरफ्तार कर लिया गया। यह युवक पहले भी कई बार इसी तरह हेरोइन लाकर भारत में सप्लाई कर चुका है।

युवक के पास से कुल 32 करोड़ रुपये का हेरोइन बरामद किया गया है। इस सिलसिले में स्पेशल सेल ने दो अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें 27 वर्षीय अफगानी नागरिक असादुल्लाह और 31 वर्षीय नाइजीरियाई मॉउसा जी शामिल है। अफगानी तस्कर अपने पेट में हेरोइन के कैप्सूल रखकर दिल्ली लाता था और यहां कुछ अफ्रीकी सप्लायरों को ड्रग्स की खेप सौंप देता था। इसके बाद वे देश-विदेश में इसकी सप्लाई करते थे।

पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुशवाह ने बताया कि एसीपी अतर सिंह और इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह की टीम ने बुधवार को मालवीय नगर से असादुल्लाह को गिरफ्तार किया था। आरोपी से ने छह किलो हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत 24 करोड़ रुपये है। उसने पूछताछ में मॉउसा का नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने साकेत से मॉउसा को भी दबोचा लिया। मॉउसा असादुल्लाह से ड्रग्स की खेप लेता था। उसके पास से भी दो किलो हेरोइन बरामद हुई है।

असादुल्लाह कई बार ड्रग्स की बड़ी खेप लेकर भारत आ चुका है। वह कई बार अपने साथियों से भी हेरोइन मंगवा चुका है। वह पेट में हेरोइन के कैप्सूल रखकर लाता था और इस बार वह मेडिकल वीजा पर हेरोइन लेकर भारत आया था। मॉउसा जुलाई 2017 में छह महीने के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। इसके बाद से वह अवैध तौर पर भारत में रहकर ड्रग्स सप्लाई का धंधा कर रहा था। दोनों हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ हो रही है।